Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने परिवर्तनकारी सिटी लैंडस प्रोजेक्ट के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरस्ट हेतु निवेदन की शुरूआत की है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (22 मार्च, 2023) – अब सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने, परिवर्तनकारी सिटी लैंडस (City Lands) प्रोजेक्ट के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरस्ट हेतु निवेदन (Request for Expression of Interest) की शुरूआत की है। सिटी लैंडस प्रोजेक्ट के वेबपेज (City Lands Project Webpage) पर एक्सप्रेशन्स ऑफ इंटरस्ट के लिए निवेदन (आर.एफ.ई.ओ.आई.) दस्तावेज तक पहुंचकर, इच्छुक पक्ष साइट को एक जीवंत शहरी क्षेत्र और चलने योग्य नेबरहुड में विकसित करने के लिए व्यापक योजना प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसमें एक अत्याधुनिक, बहुउद्देशीय क्रिकेट फैसिलिटी शामिल है।

आर.एफ.ई.ओ.आई. (RFEOI), बातचीत की प्रक्रियाओं और समय सीमाओं, और पूछताछ तथा मुद्दों के लिए एक समर्पित भर्ती तरीके के बारे में खास निर्देश शामिल करेगी।

संभावी प्रस्ताव रखने वाले, समर्पित प्रोजेक्ट ईमेल rfeoi@brampton.ca के द्वारा अपने सवाल पेश कर सकते हैं।

**सिटी लैंडस प्रोजेक्ट के बारे में**

सिटी के 2040 विजन (2040 Vision) में, महत्वपूर्ण अवसर के तौर पर पहचानी गई, सिटी के स्वामित्व वाली इस 100 एकड़ जगह में, क्षेत्र को रीजनल ठिकाने के तौर पर आगे बढ़ाने की परिवर्तनकारी क्षमता है।

2019 के तकनीकी विशलेषण में रणनीतिक अवसर की पहचान की गई, जिसमें इस विशाल, विकास योग्य सीमा (पहले इसे "सी.ए.ए. लैंड्स" ("CAA Lands") कहा जाता था) को, अधिक आबादी वाली रिहायश, कारोबार, घूमने की जगह और टूरिज्म के लिए बड़े ट्रांज़िट-अनुकूलित अवसरों के साथ, स्पोर्ट्स कंप्लेक्स से, एक नए शहरी केंद्र में बदलना शामिल था।

इस समय, कैनेडी रोड साउथ (Kennedy Road South) के पूर्व, हाईवे 410 (Highway 410) के पश्चिम और 407 ई.टी.आर. (407 ETR) के उत्तर की तरफ स्थित, यह क्षेत्र, सी.ए.ए. (CAA) स्पोर्ट्स और मनोरंजन फैसिलिटी (पहले इसे पावरेड सेंटर (Powerade Centre) कहा जाता था।) की जगह है। जमीनों का पुनर्विकास, "कंप्लीट कम्युनिटीज" बनाने के लिए प्रोजेक्टों को आगे बढ़ाने के सिटी के दृष्टिकोण के मुताबिक है।

**हवाले**

"पिछले पांच वर्षों से, सिटी एक नई मल्टी-पर्पज क्रिकेट फैसिलिटी की मांग को पूरा करने के लिए योजनाओं को और इस खास साइट के लिए इसके कम्युनिटी निर्माण दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रही है। आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि वाला दिन है, जब हम इस दृष्टिकोण पर

काम करने हेतु मदद के लिए गतिशील सुझाव लेना शुरू कर रहे हैं। उन निवासियों, कारोबारियों और लोकल स्टेकहोलडरों का धन्यवाद, जिन्होंने यह सुनिश्चित करने में मदद के लिए अपना फीडबैक प्रदान किया है कि हम ऐसी सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करने की योजना बना रहे हैं, जो कम्युनिटी की जरूरतों को पूरा करेंगी।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, असाधारण तौर पर रोमांचक इस प्रीमियर स्पोर्ट्स फैसिलिटी और कम्युनिटी के निर्माण संबंधी पहलकदमी में हिस्सा लेने के लिए संभावी प्रस्ताव पेश करने वालों को आमंत्रित कर रही है। प्रोजेक्ट और आमंत्रण का यह फेज, सिटी के साथ साझेदारी करने का शुरूआती अवसर पेश करता है, जिससे संभावी साझेदारों, सिटी और इसके निवासियों को लंबे समय के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक लाभ मिलेंगे।"

- *माइकल प्लेशी (Michael Palleschi), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 2 और 6; चेयर, प्लानिंग एंड डिवेल्पमेंट कमेटी*

"सिटी लैंडस को अधिक आबादी वाली रिहायश, कारोबार, घूमने की जगह और टूरिज्म के लिए बड़े ट्रांज़िट-अनुकूलित अवसरों वाले नए शहरी केंद्र में बदलने के द्वारा, ब्रैम्पटन के लिए विशाल आर्थिक क्षमता का अधिक फायदा लेने का बहुत ही रोमांचक और वास्तविक अवसर है। यह मुख्य जगह, शहर और संभावी प्रस्ताव पेश करने वाले, दोनों के लिए एक रणनीतिक अवसर पेश करती है और हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि प्रोजेक्ट का यह अगला फेज क्या लाता है।"

- *गुरप्रताप सिंह तूर (Gurpartap Singh Toor), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 9 और 10; चेयर, इकोनॉमिक डिवेल्पमेंट*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca